आनंदालय
सामयिक परीक्षा -2
कक्षा : नौवीं

विद्या सर्वार्थ साधिका

विषय : हिंदी 'ब' (085) | अधिकतम अंक : 80
दिनांक: 23-09-2024 | निर्धारित समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश:

1) प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभक्त है : 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
2) दिए गए निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
3) चारों खंड में कुल 15 प्रश्न दिए गए है ।
4) यथासंभव चारों खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।
5) वस्तुपरक प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है ।

## <u>खंड- 'क'</u>

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-

मानव बुद्धिशील प्राणी है। जिस विषय पर दूसरे प्राणी विचार नहीं कर सकते हैं, उन पर वह चिंतन करता है। इसी कारण वह संसार के समस्त जीवधारियों में श्रेष्ठ माना जाता है। जहाँ एक ओर उसमें विद्या, बुद्धि, प्रेम आदि श्रेष्ठ गुण विद्यमान हैं, वहीं दूसरी ओर वह राग, द्वेष, हिंसा आदि बुरी प्रवृत्तियों से भी ओत-प्रोत है। श्रेष्ठ तत्त्वों का अपने अंदर विकास करने के लिए मानव को स्वावलंबी बनना पड़ेगा। दूसरों का सहारा छोड़कर केवल अपने सहारे पर जीवन बिताना स्वावलंबन कहलाता है। अपने पैरों पर खड़ा होने वाला व्यक्ति न तो समाज में निरादर पाता है और न घृणा का पात्र ही होता है। वह अपने बल पर पूर्ण विश्वास प्राप्त करता है। वास्तव में, स्वावलंबन मानव का वह गुण है, जो उसे आत्मविश्वासी बनाता है। जो व्यक्ति स्वयं कर्मठ एवं स्वावलंबी नहीं है, ऐसे व्यक्ति की कोई भी सहायता करता है और ऐसे व्यक्ति का जीवन पशु से भी हेय होता है । आज के युग में उसी का जीवन सार्थक है जो स्वावलंबी है, क्योंकि स्वावलंबन जीवन का मूलमंत्र है। जो लोग स्वावलंबन को एक ढकोसला तथा सिद्धांत मात्र मानते हैं, वे अपनी अल्पज्ञता का परिचय देते हैं। जो व्यक्ति इस प्रकार का विपरीत तर्क करते हैं, वे कुंठाओं से ग्रस्त होते हैं। ऐसे लोग तर्क के आधार पर स्वावलंबी जीवों को एकांत में खड़े होने वाले अरण्य का वृक्ष मानते हैं।

(i) कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए। 'जो व्यक्ति स्वावलंबन से रहित होता है'- (1)

(1) उस व्यक्ति का जीवन पशु से भी निम्न होता है।
(2) वह व्यक्ति आत्मविश्वासी होता है।
(3) उसका जीवन सार्थक होता है।
(4) वह केवल अपने सहारे जीवन बिताता है।

कूट

(क) केवल 1 सही है — (ख) 1 और 2 सही हैं
(ग) 2 और 3 सही हैं — (घ) 3 और 4 सही हैं

(ii) स्वावलंबन न रखने वाले व्यक्ति स्वावलंबन को क्या समझते हैं? (1)

(क) पाखंड और सिद्धांत (ख) सार्थक

(ग) घृणित (घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) कथन (A) मानव को अन्य जीवों से श्रेष्ठ माना गया है। (1)

कारण (R) मानव एक बुद्धिशील प्राणी है।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, कितु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(iv) गद्यांश के आधार पर बताइए कि स्वावलंबन क्या है ? (2)

(v) स्वावलंबन के विषय में विश्वाश न रखने वाले व्यक्ति स्वावलंबन को किस तरह देखते हैं | (2)

2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए:-

मनुष्य ने अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति का दोहन कर प्राकृतिक संतुलन ही नहीं, बल्कि स्त्रियों के साथ अन्याय कर, स्त्री-पुरुष के लिंगानुपात को घटाने का अमानवीय कार्य भी किया है। लिंगानुपात में आई भारी गिरावट का मुख्य कारण कन्या भ्रूण हत्या है। गर्भस्थ शिशु के लिंग परीक्षण के पश्चात् कन्या भ्रूण होने की स्थिति में उसे माँ के गर्भ में ही मार दिया जाता है, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि लड़कियाँ हमेशा उपभोक्ता होती हैं और लड़के उत्पादक होते हैं। अभिभावक समझते हैं कि लड़का उनके लिए जीवन भर कमाएगा और उनका ध्यान रखेगा, जबकि लड़की की शादी होगी और वह ससुराल चली जाएगी। विदेशी आक्रमणों और समाज में पर्दा-प्रथा, सती-प्रथा जैसी कुप्रथाओं के कारण महिलाओं को शिक्षा से वंचित किया जाने लगा तथा धार्मिक और सामाजिक रूप से पुरुषों को अधिक महत्त्व दिया जाने लगा एवं महिलाओं को घर तक सीमित कर दिया गया है, जिससे संतान के रूप में नर शिशु की कामना करने की गलत परंपरा समाज में विकसित हो गई। इसका अन्य महत्त्वपूर्ण कारण दहेज प्रथा भी है। पहले के समय में माता-पिता अपनी पुत्रियों की शादी में जरूरी घरेलू चीजें दिया करते थे। कई परिवार कुछ सोना और चाँदी भी देते थे। यह उसके भविष्य को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से किया जाता था, परंतु धीरे-धीरे यह एक रिवाज बन गया है। अब दूल्हे का परिवार जो माँगता है, उसे दुल्हन के परिवार को देना पड़ता है, चाहे उनको उसके लिए किसी से कर्जा लेना पड़ जाए या अपना घर गिरवी रखना पड़ जाए। लेकिन उन्हें लड़के वालों की माँग पूरी करनी पड़ती है। किसी भी देश की प्रगति तब तक संभव नहीं है, जब तक वहाँ की महिलाओं को प्रगति के पर्याप्त अवसर न मिले। जिस देश में महिलाओं का अभाव हो, उसके विकास की कल्पना कैसे की जा सकती है ? कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करने में महिलाओं की भूमिका सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण हो सकती है। अतः इसके लिए महिला शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा, क्योंकि शिक्षित महिला उस तरह का औजार है, जो भारतीय समाज पर और अपने परिवार पर अपने हुनर तथा ज्ञान से सकारात्मक प्रभाव डालती है।

(i) निम्नलिखित कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए। (1)

संतान के रूप में नर शिशु की कामना करने की गलत परंपरा के कारणों में निहित हैं -

1. महिलाओं को घर तक सीमित रखना।

2. दहेज प्रथा का प्रचलन होना।

3. विदेशी आक्रमणों का होना।

4. प्रकृति का दोहन करना।

कूट

(क) केवल 1 सही है (ख) 1 और 2 सही हैं

(ग) 2 और 3 सही है (घ) 3 और 4 सही हैं

(ii) भारतीय समाज में लिंगानुपात में हुए परिवर्तन का कारण है - (1)

(क) विदेशी आक्रमण (ख) कन्या भ्रूण हत्या

(ग) सामाजिक कुप्रथाएँ (घ) ये सभी

(iii) कथन (A) समाज में महिलाओं की दयनीय स्थिति हो गई। (1)

कारण (R) महिलाओं को मानवीय अधिकारों से वंचित कर दिया गया।

(क) कथन A गलत है, किंतु कारण R सही है।

(ख) कथन A और कारण R दोनों गलत हैं।

(ग़) कथन A और कारण R दोनों सही हैं तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या है।

(घ) कथन A और कारण R दोनों सही हैं, परंतु कारण R कथन A की सही व्याख्या नहीं है।

(iv) देश की प्रगति का संबंध किससे बताया गया है ? (2)

(v) विदेशी आक्रमणों से महिलाओं की स्थिति पर क्या प्रभाव पड़ा ? (2)

## खंड- 'ख'

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (4X1=4)

(i) शब्द पद कब बन जाता है ?

(ii) '<u>नदी</u> विरह के गीत गाती जा रही है | (रेखांकित शब्द पद है या शब्द लिखिए)

(iii) मंगल ने देशवासियों से कहा भारतवर्ष सारे जहाँ से अच्छा है | (अनुस्वार युक्त शब्द लिखिए)

(iv) ज़मीन पर आँवले का वृक्ष अंकुरित हुआ है | (अनुनासिक युक्त शब्द लिखिए)

4. निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार उपसर्ग-प्रत्यय पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (4X1=4)

(i) 'अविस्मरणीय' (शब्द से मूल शब्द और उपसर्ग अलग कर, लिखिए|)

(ii) 'ऐनवक्त' (शब्द से उपसर्ग अलग कर, लिखिए|)

(iii) 'प्यासा' (शब्द से प्रत्यय अलग कर, लिखिए|)

(iv) 'मेधावी' (शब्द से प्रत्यय अलग कर, लिखिए|)

(v) 'शंकालु' (शब्द से मूल शब्द अलग कर, लिखिए|)

5. निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार अर्थ की दृष्टि से वाक्य और विराम चिह्न पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (4X1=4)

(i) 'क्यारी में सुंदर-सुंदर फूल खिले हैं |' (अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद लिखिए|)

(ii) 'ईश्वर तुम्हें शीघ्र ही स्वस्थ करे |' (संदेहवाचक वाक्य में परिवर्तन कीजिए)

(iii) 'यदि तुम चलोगी तो मज़ा आएगा |' (अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद लिखिए|)

(iv) 'इस दुकान में आपको कई चीजें मिल जाएँगी- चीनी, चावल, दाल, तेल आदि।'
(वाक्य में प्रयुक्त 'निर्देशक' विराम चिह्न को अलग कर, लिखिए |)

(v) डॉ० एडमस्मिथ का कहना था- "अर्थशास्त्र धन का विज्ञान है।" (वाक्य में प्रयुक्त दोहरा उद्धरण विराम चिह्न और लाघव विराम चिह्न को अलग कीजिए)

6. निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार नुक्ता और संधि पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (4X1=4)

(i) सैनिक कफ़न बाँधकर सीमा की रक्षा करते हैं | ( वाक्य में से नुक्ता युक्त शब्द लिखिए|)

(ii) भो+अन = ..... (संधि कीजिए)

(iii) विद्या+औचित्य (संधि विच्छेद का भेद लिखिए)

(iv) नव+उढ़ा (संधि कीजिए)

(v) यद्यपि (संधि विच्छेद कीजिए)

**खंड- 'ग'**

7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए- (5X1=5)

आज तुम्हारे आगमन के चतुर्थ दिवस पर यह प्रश्न बार-बार मन में घुमड़ रहा है- तुम कब जाओगे, अतिथि ?

तुम जहाँ बैठे निस्संकोच सिगरेट का धुआँ फेंक रहे हो, उसके ठीक सामने एक कैलेंडर है। देख रहे हो ना ! इसकी तारीखें अपनी सीमा में नम्रता से फड़फड़ाती रहती हैं। विगत दो दिनों से मैं तुम्हें दिखाकर तारीखें बदल रहा हूँ । तुम जानते हो, अगर तुम्हें हिसाब लगाना आता है कि यह चौथा दिन है, तुम्हारे सतत आतिथ्य का चौथा भारी दिन! पर तुम्हारे जाने की कोई संभावना प्रतीत नहीं होती। लाखों मील लंबी यात्रा करने के बाद वे दोनों एस्ट्रॉनॉट्स भी इतने समय चाँद पर नहीं रुके थे, जितने समय तुम एक छोटी-सी यात्रा कर मेरे घर आए हो । तुम अपने भारी चरण-कमलों की छाप मेरी ज़मीन पर अंकित कर चुके, तुमने एक अंतरंग निजी संबंध मुझसे स्थापित कर लिया, तुमने मेरी आर्थिक सीमाओं की बैंजनी चट्टान देख ली; तुम मेरी काफ़ी मिट्टी खोद चुके।

अब तुम लौट जाओ, अतिथि! तुम्हारे जाने के लिए यह उच्च समय अर्थात हाईटाइम है । क्या तुम्हें तुम्हारी पृथ्वी नहीं पुकारती ?

(i) लेखक अतिथि को दिखाकर तारीखें क्यों बदल रहा था ?

(क) लेखक का तारीख बदलने का निश्चित नियम था

(ख) वह अतिथि को तारीख बदलने वाला कैलेंडर दिखाना चाहता था

(ग) वह अतिथि को अपने कार्यक्रम के बारे में बताना चाहता था

(घ) वह अतिथि को यह बताना चाहता था कि उन्हें लेखक के घर आए कितने दिन हो गए

(ii) लेखक की सहनशक्ति किस दिन ज़वाब देने वाली थी ?

(क) दूसरे (ख) पाँचवे (ग) तीसरे (घ) चौथे

(iii) लेखक को अतिथि को देखकर अंतरिक्ष यात्री की याद क्यों आ गई ?

(क) अतिथि भी एक अंतरिक्ष यात्री था

(ख) अंतरिक्ष यात्री भी इतने दिन अंतरिक्ष में नहीं ठहरता जितना कि अतिथि ठहर रहा था

(ग) अतिथि अंतरिक्ष में जाने की बातें करता था

(घ) लेखक उनको अंतरिक्ष के किस्से सुनाना चाहता था।

(iv) एस्ट्रोनॉट्स किसे कहा जाता है?

(क) मेहमानों को (ख) अंतरिक्ष यात्रियों को

(ग) ख़ास प्रकार की गाड़ियों को (घ) सिगरेट के धुएँ को

(v) तुम कब जाओगे अतिथि' पाठ में लेखक ने कैसे लोगों पर व्यंग्य किया है?

(क) राजनेताओं पर (ख) फिल्म निर्माताओं पर

(ग) अतिथि जो जाने का नाम नहीं लेते (घ) शिक्षा व्यवस्था पर

8. निम्नलिखित चार में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए - (2x3=6)

(i) साउथकोल से आगे बढ़ते हुए लेखिका को क्या-क्या सावधानियाँ बरतनी पड़ीं और क्यों ?

(ii) आप कीचड़ के प्रति क्या सोचते हैं ? आप उसे हेय समझते हैं या श्रद्धेय लिखिए।

(iii) 'दुख का अधिकार' पाठ में किस सामाजिक बुराई की ओर संकेत किया गया है? इसके कारणों पर प्रकाश डालते हुए इससे होने वाली हानियों का भी उल्लेख कीजिए।

(iv) लेखक ने ऐसा क्यों कहा है कि अतिथि मानव और थोड़े समय में राक्षस भी हो सकता है ?

9. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए- (5X1=5)

रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय ।<br>
टूटे पे फिर ना जुरे, जुरे गाँठ परी जाय ।।<br>
रहिमन निज मन की बिथा, मन ही राखो गोय।<br>
सुनी इठलैहैं लोग सब, बाँटी न लेंहैं कोय ।।

एकै साधे सब सधै, सब साधे सब जाय ।<br>
रहिमन मूलहिं सींचिबो, फूलै फलै अघाय ।।<br>
धनि रहीम जल पंक को, लघु जिय पिअत अघाय ।<br>
उदधि बड़ाई कौन है, जगत पिआसो जाय ।।

(i) समुद्र क्यों महान नहीं है ?

(क) समुद्र विनाश कर सकता है (ख) समुद्र किसी की प्यास बुझाने में समर्थ नहीं है

(ग) समुद्र प्यास बुझाने में समर्थ है (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) मूल सींचकर क्या लाभ होता है ?

(क) फल की प्राप्ति होती है। (ख) उद्देश्य तक पहुँचा जा सकता है।

(ग) सारे कार्य अधूरे रह जाते हैं । (घ) जीवन सार्थक हो जाता है|

(iii) कवि प्रेम का धागा न तोड़ने की बात क्यों कहते हैं ?

(क) धागा कच्चा होता है (ख) प्रेम नहीं करना चाहिए

(ग) अविश्वास और संदेह से प्रेम नहीं रहता है (घ) धागा रेशम का नहीं होता

(iv) पंक-जल अच्छा क्यों है ?

(क) उसमें जल कम है (ख) वह छोटे-छोटे प्राणियों की प्यास बुझाता है

(ग) वह कमल को उत्पन्न करता है (घ) उसमें धान उत्पन्न होता है

(v) 'एकै साधे सब सधै, सब साधे सब जाय|' पंक्ति में अलंकर है -

(क) यमक (ख) पुनरुक्ति प्रकाश (ग) अनुप्रास (घ) उपमा

10. निम्नलिखित चार में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए - (2x3=6)

(i) गीत-अगीत' कविता में अगीत का चित्रण कवि द्वारा किस तरह किया गया है, स्पष्ट कीजिए।

(ii) आज की परिस्थितियों में रहीम के दोहे कितने प्रासंगिक हैं ? किन्हीं दो उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।

(iii) रैदास के पदों का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए।

(iv) गीत - अगीत कविता में नदी को किस रूप में चित्रित किया गया है? इसका ज्ञान कैसे होता है ?

11. निम्नलिखित तीन में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (4x2=8)

(i) 'लेखक चिट्ठियों के बारे में घर जाकर झूठ भी बोल सकता था, पर उसने ऐसा नहीं किया' इसके आलोक में लेखक की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताइए कि आप लेखक के चरित्र से किन-किन विशेषताओं को अपनाना चाहेंगे?

(ii) स्मृति' कहानी हमें बच्चों की दुनिया से सच्चा परिचय कराती है तथा बाल मनोविज्ञान का सफल चित्रण करती है। इससे आप कितना सहमत हैं ? स्पष्ट कीजिए।

(iii) लेखिका को जीव-जंतुओं की संवेदनाओं की सूक्ष्म समझ थी। इसे स्पष्ट करते हुए बताइए कि आपको इनसे किन-किन मूल्यों को अपनाने की सीख मिलती है ?

## **खंड- 'घ'**

12. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (5X1=5)

(क) आज की आवश्यकता : संयुक्त परिवार
- * एकल परिवार का बढ़ता चलन
- * एकल परिवार और वर्तमान समाज
- * संयुक्त परिवार की आवश्यकता
- * बुज़ुर्गों की देखभाल
- * उपसंहार

(ख) नर हो न निराश करो मन को
- * आत्मविश्वास और सफलता
- * आशा से संघर्ष में विजय
- * कुछ भी असंभव नहीं
- * महापुरुषों की सफलता का आधार।
- * उपसंहार

(ग) पृथ्वी का रक्षक : अदृश्य ओजोन
- * ओजोन परत क्या है ?
- * मनुष्य की प्रगति और ओजोन परत
- * ओजोन नष्ट होने का कारण
- * ओजोन बचाएँ जीवन बचाएँ।
- * निष्कर्ष

13. (क) चाचाजी को अपने जन्मदिन पर मनभावन उपहार भेजने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करने हेतु लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए | (5X1=5)

**अथवा**

(ख) मित्र के पिता के सीमा पर शहीद हो जाने का समाचार प्राप्त होने पर, अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए लगभग 120 शब्दों में मित्र को संवेदना पत्र लिखिए।

14. (क) बिजली की बार-बार कटौती से उत्पन्न स्थिति से परेशान दो महिलाएँ- रंजना और मिताली के बीच हुई बातचीत को संवाद शैली में लगभग 120 शब्दों में लिखिए | (5X1=5)

**अथवा**

(ख) गाँव से कुछ ही दूरी पर लौहपथगामिनी (रेलगाड़ी) दुर्घटनाग्रस्त हो गई है, इस विषय पर दो मित्र- राजीव और रिया वहाँ पीड़ितों की सहायता के लिए जाना चाहते हैं, उनके मध्य हुई बातचीत को संवाद शैली में लगभग 120 शब्दों में लिखिए |

15. चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर, मन में उभरे विचारों को समाहित करते हुए लगभग 60-70 शब्दों में चित्र वर्णन कीजिए | (5X1=5)

